अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) के अध्यक्षों के नाम और कार्यकाल की सूची (1894 से 2018 तक)

अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) के प्रमुख और कार्यकाल की सूची :

स्थापना	1894
मुख्यालय	लुसाने, स्विट्ज़रलैण्ड
प्रकार	खेल महासंघ
प्रथम अध्यक्ष	डेमेट्रियस विकेलस (Demetrius Vikelas)
वर्तमान अध्यक्ष	थॉमस बाक (Thomas Bach)

अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) क्या है?

अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) एक अन्तर्राष्ट्रीय समिति है। इसका मुख्यालय लुसाने, स्विट्जरलैण्ड में स्थित है। वर्ष 2018 के अनुसार में विश्व की कुल 205 राष्ट्रीय ओलम्पिक समितिया (एनओसी) इसकी सदस्य हैं।

अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) का इतिहास:

अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) की स्थापना पियरे डे कोबेर्टिन द्वारा 23 जून 1894 में की गई थी। यूनानी व्यापारी डेमेट्रियस विकेलस (Demetrius Vikelas) आईओसी के प्रथम अध्यक्ष बने थे। वह दो साल (1894–1896) तक इस पद पर कार्यरत रहे थे। आईओसी विश्व में आधुनिक ओलंपिक खेलों का आयोजन करता है। इस समिति द्वारा प्रत्येक चार साल में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल, शीतकालीन ओलम्पिक खेल और युवा ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जाता है। आईओसी द्वारा प्रथम ग्रीष्मकालीन ओलंपिक साल 1896 में यूनान के एथेंस तथा पहला शीतकालीन ओलंपिक वर्ष 1924 में फ्रांस के चेमोनिक्स (Chamonix) में आयोजित किया था। साल 1992 तक ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन दोनों ओलंपिक खेल एक ही वर्ष में आयोजित किए जाते थे।

अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष 2018:

अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) के वर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक (Thomas Bach) है। उन्हें 10 सितंबर 2013 को ब्यूनस आयर्स में आयोजित आईओसी के 125वें सत्र में जैक्स जैक्स रोगे

के उत्तराधिकारी के रूप में चुना गया था। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष कार्यकारी बोर्ड के प्रमुख होते हैं जो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के प्रशासन और प्रबंधन की जिम्मेदारी सँभालते हैं। आईओसी कार्यकारी बोर्ड में अध्यक्ष, 4 उपाध्यक्ष और 10 अन्य आईओसी सदस्य शामिल होते हैं। बोर्ड के सदस्यों का चुनाव आईओसी सत्र में गुप्त मतपत्र द्वारा किया जाता है।

अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के अध्यक्षों की सूची: (1894-2018)

नाम	**कार्यकाल (पदावधि)**
पियरे डे कोबेर्टिन (Pierre de Coubertin)	(1896–1925)
हेनरी डी बैलेट-लैटोर (Henri de Baillet-Latour)	(1925–1942)
सिगफ्रिड एडस्ट्रॉम (Sigfrid Edström)	(1942–1952)
एवरी ब्रुंडेज (Avery Brundage)	(1952–1972)
लॉर्ड किलानिन (Lord Killanin)	(1972–1980)
जुआन एंटोनियो समरंच (Juan Antonio Samaranch)	(1980–2001)
जैक्स रोगे (Jacques Rogge)	(2001–2013)
थॉमस बाक (Thomas Bach)	(2013 से अब तक)